Class - 5
Subject - HINDI COURSE BOOK
पाठ – 6 कदंब का पेड़

1. शब्दार्थ

पेड़	–	वृक्ष
कन्हैया	–	कृष्ण
विकल	–	बेचैन
आँखे मींचे	–	आँखे बन्द करके
अम्मा	–	माँ
तीरे	–	किनारे
ह्दय	–	मन
विनती	–	प्रार्थना

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. इस कविता में 'यमुना तीरे' का क्या अर्थ है?

उत्तर इस कविता में 'यमुना तीरे' कर अर्थ 'यमुना नदी के किनारे' है।

ख. कदंब क्या है?

उत्तर कदंब एक पेड़ है।

ग. माँ पेड़ के नीचे क्या करती है?

उत्तर माँ पेड़ के नीचे खड़ी होकर अपने बालक को ढूँढती है।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. बालक माँ से क्या कह रहा है?

उत्तर बालक माँ से कह रहा है कि यह कदंब का पेड़ अगर यमुना किनारे होता तो मैं भी कन्हैया की तरह उसपर बैठकर बंसी बजाता।

ख. बालक अपनी माँ को क्या खरीदने के लिए कहता है?

उत्तर बालक अपनी माँ को बांसुरी खरीदने के लिए कहता है।

ग. बालक माँ को कैसे–कैसे तंग करता है?

उत्तर बालक माँ को पेड़ की ऊँची डाली पर चढ़कर बांसुरी बजा कर बुलाता है और फिर पत्तों में छिपकर माँ को तंग करता है।

घ. बालक को नीचे बुलाने के लिए माँ क्या–क्या लालच देती है?

उत्तर बालक को नीचे बुलाने के लिए माँ मिठाई, खिलौने और माखन–मिश्री का लालच देती है।

ङ माँ आँचल फैलाकर क्या करती है?

उत्तर माँ आँचल फैलाकर ईश्वर से विनती करती है।

4. नीचे लिखे वाक्यों के सामने (हाँ) या (नहीं) लिखिए –

क. कदंब का पेड़ यमुना के किनारे होता। हाँ

ख. बालक माँ से कहता है कि दो पैसे की बांसुरी ले दो। हाँ

ग. बालक के पेड़ पर चढ़ जाने पर माँ बहुत खुश होती है। नहीं

घ. माँ जब अपनी आँखें खोलती तो मुन्ना राजा को अपनी गोद में ही पाती। हाँ

ङ इस कविता की लेखिका महादेवी वर्मा है। नहीं

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. इस कविता में कौन कल्पना कर रहा है?

✓ कवयित्री कवि रवि

ख. बालक किसकी तरह पेड़ पर बैठना चाहता है?

✓ कन्हैया राम कदंब

ग. माँ व्याकुल होकर कहाँ आ जाती?

नीम के पेड़ के नीचे

✓ कदंब के पेड़ के नीचे

आम के पेड़ के नीचे

घ. कविता के अनुसार कदंब का पेड़ कहाँ पर होता है?

गंगा किनारे ✓ यमुना किनारे तालाब किनारे